इंदौर 29 को होस्ट करेगा टीसीएस आईटी विज 2016

इंदौर। आईटी सेवाओं, परामर्श और बिजनेस सॉल्यूशंस के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) ने आज स्कूली स्तर पर देश के सबसे बडे टेक्नोलॉजी क्विज - टीसीएस आईटी विज़ 2016 के सम्बन्ध में आवश्यक घोषणा की. इस घोषणा के अनुसार क्विज का आयोजन गुरुवार २९ सितम्बर को इंदौर में किया जायेगा। आयोजन स्थल खंडवा रोड पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के म्पास में आईआईपीएस के समीप स्थित यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम होगा। क्विज में भ़ाग लेने के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं है. कक्षा 8-12 में ने वाले छात्र क्विज में प्रतिभागिता के लिए पात्र होंगे। प्रत्येक शिक्षण संस्थान कई टीमें भेज सकता है जिसमें से प्रत्येक टीम म़ें 2-2 छात्र होंगे। टीसीएस आईटी विज़ -2016 अहमदाबाद, बैंगलोर, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयम्बटूर, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ, मुम्बई, नागपुर, पुणे और विशाखापत्तनम सहित करीब 15 शहरों में आयोजित होता है। इच्छुक संस्थान अपनी इंट्रीज 26 सितंबरं तक या इससे पूर्व इस पते पर भेज सकते हैं- प्रकाश, टीसीएस आईटी विज़ कोऑर्डिनेटर, मैच बॉक्स, ए 21- वसंत बिहार, भारतीय स्टेट बैंक के पीछे, सत्य साई स्कूल चौराहे के समीप, ए. बी. रोड, इंदौर-452010, मध्य प्रदेश (भारत). रजिस्ट्रेशन तथा अन्य जानकारियों के लिए संपर्क करें- 09302597019 पर.या www.tcsitwiz.comपर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी किया जा सकता है। क्विज फॉर्मेट- प्रारंभिक लिखित दौर की टॉप सिक्स टीमें रीजनल्स फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। एक ही स्कूल से कई टीमों के फाइनल में क्वालीफाई करने की स्थिति में प्रत्येक स्कूल से सबसे ज्यादा स्कोर करने वाली एक टीम को ही मंच पर आमंत्रित किया जाएगा। रीजनल स्तर पर फाइनल में जीतने वाली टीम दिसंबर में मुम्बई में होने वाले मेगा फाइन इवेंट में भाग लेगी। पुरस्कार रीजनल स्तर की विजेता टीम के प्रत्येक प्रतिभागी को इस साल जीत हासिल करने पर एक-एक आई पैड एयर तथा उप-विजेता टीम के प्रत्येक प्रतिभागी को एक-एक आई पैड मिनी पाने का मौका मिलेगा। साथ ही दोनों टीमों को विशेष तौर पर डिजाइन की गई ट्रॉफी और मैडल्स भी प्रदान किये जाएंगे।